>

Title: Need to set up FM radio station in Buldhana district, Maharashtra.

श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव (बुलढाणा)ः नियम 377 के माध्यम से मैं बताना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा जिले में एफएम रेडियो सेवा को अभी तक उपलब्ध नहीं करवाया गया है। जबकि कई जिलों में एफएम रेडियो सेवा उपलब्ध करवा दी गई है। मेरे संसदीय क्षेत्र में किसानों के पास मनोरंजन के साधन नहीं है, वे टी.वी. खरीद नहीं सकते हैं और कृषि कार्य में व्यस्त होने के कारण टी.वी. के कार्यक्रम भी नहीं देख सकते हैं। एफएम के माध्यम से वह ज्ञान विज्ञान की जानकारी एवं संगीत एवं गाने के रूप में उन्हें ज्ञान एवं मनोरंजन का अच्छा साधन उपलब्ध कराया जा सकता है। अगर इस सेवा को मेरे बुलढाणा जिले में एफएम रेडियो के माध्यम से प्रचारित किया जाए तो विज्ञापन से आय की काफी संभावना है। विश्व में आधुनिक तकनीकी विकसित हो चुकी है परन्तु भारत में एफएम रेडियो सेवा को कई जिलों में अभी तक शुरू नहीं किया गया है। सरकार द्वारा सभी जिलों में एक साथ एवं एक जैसी सुविधाएं एफएम रेडियो की सुविधा प्रदान की जाए। किसानों को, आदिवासियों एवं गरीब वर्ग जो पिछड़े जिलों में रहता है उनको अभी तक एफएम रेडियो की सुविधा नहीं दिलाए जाने से यहां के लोग ज्ञान एवं मनोरंजन के साधन से वंचित है। एक तरफ कई शहरों में रेडियो मिर्ची, विविध भारती, ज्ञान भारती इत्यादि सेवाएं दी जा रही हैं जबकि दूसरी ओर छोटे जिलों को एफएम की सेवा से वंचित किया हुआ है।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा जिले में एफएम रेडियो की सुविधा दी जाए और यह कारण भी बताएं जाएं कि बुलढाणा जिले को अभी तक यह सुविधा क्यों नहीं दी जा सकी है।